K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR
Question Paper 2022-23
ASSESSMENT - 1

STD: V | **SUB: HINDI** | **MARK - 40**

(विभाग १ : गद्य – अंक १२)

प्रश्न -१) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

कुछ दिनों बाद रेलवे स्टेशन पर एक साहब अपनी पत्नी, बच्चे और नौकर के साथ आए। उन्होंने रेलगाड़ी का टिकट लिया।

एक अंग्रेज़ ने उनसे पूछा – सर, आप कहाँ जा रहे हैं?

जी, मैं अपनी पत्नी और बच्चे के साथ लखनऊ जा रहा हूँ।

अंग्रेज़ों ने उन्हें पूरे सम्मान के साथ रेलगाड़ी में बैठने दिया।

वह साहब कोई और नहीं भगत सिंह थे। उन्होंने अपने बाल कटवा लिए थे और अंग्रेज़ों की तरह कपड़े पहने हुए थे। साथ में दुर्गा भाभी उनकी पत्नी बनकर और राजगुरु उनके नौकर बनकर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अंग्रेज़ों को आसानी से चकमा दे दिया।

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। **[3]**

१) अंग्रेज़ों ने उन्हें पूरे ____ के साथ रेलगाड़ी में बैठने दिया।

२) _____ उनके नौकर बनकर यात्रा कर रहे थे।

३) उन्होंने _____ का टिकट लिया।

ख) निम्नलिखित वाक्य को पढ़कर सही वाक्य के सामने सही (√) और गलत वाक्य के सामने गलत (×) का चिह्न लगाइए। **[2]**

१) साहब ने बसगाड़ी का टिकट लिया।

२) भगत सिंह अंग्रेजों की तरह कपड़े पहने हुए थे।

ग) निम्नलिखित कथन किसने किससे कहा। **[1]**

१) सर, आप कहाँ जा रहे हैं?

घ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **[4]**

१) रेलवे स्टेशन पर साहब किसके साथ आए थे?

२) भगत सिंह के साथ पत्नी बनकर कौन यात्रा कर रही थी?

३) भगत सिंह ने किसे आसानी से चकमा दे दिया?

४) साहब (भगत सिंह) अपनी पत्नी और बच्चे के साथ कहाँ जा रहे थे?

च) मेरी राय (स्वअध्ययन प्रश्न) **[2]**

१) अपने विचारों से भगत सिंह के बारे में चार-पाँच वाक्य लिखिए।

(विभाग २ : पद्य – अंक १०)

प्रश्न २) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

हिम के शिखर चमकते रहते,
नदियों बहती, झरने बहते,
“चलते रहो” सभी से कहते,
सबकी ही आँखों का तारा।

इसकी प्यारी छटा अपरिमित,
नए-नए सपने सजते नित,
सब मिलकर चाहें सबका हित ,
यह खुशियों का आँगन सारा।
हरा, भरा यह देश हमारा।।

- त्रिलोक सिंह ठकुरेला

क) निम्नलिखित शब्दों की जोडियों का मिलान कीजिए। **[3]**

अ	उत्तर	आ
१) सपने		१) देश
२) हिम		२) नए-नए
३) हरा, भरा		३) शिखर
		४) तारा

ख) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए। **[1]**

"चलते रहो" ______________ ,

________________ का तारा।

ग) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाए। **[2]**

१) सपना = २) आँगन =

घ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **[4]**

१) हमारे देश का आँगन किस-से भरा हुआ है ?

२) उपर्युक्त कविता के कवि कौन हैं?

३) चमकते कौन रहते हैं?

४) 'आँखों का तारा' इस मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(विभाग ३ : व्याकरण – अंक १२)

प्रश्न ३) क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। **[4]**

१) हित × ३) नए ×

२) सुबह × ४) जन्म ×

ख) रेखांकित संज्ञा शब्द के भेद के उचित विकल्प पर सही का चिह्न लगाइए। **[3]**

१) <u>लड़कों</u> ने जमकर होली खेली।

I) व्यक्तिवाचक संज्ञा [ ] II) जातिवाचक संज्ञा [ ]

२) गन्ने में <u>मिठास</u> है।

I) भाववाचक संज्ञा [ ] II) जातिवाचक संज्ञा [ ]

३) राजघाट पर हमारे राष्ट्रपिता <u>महात्मा गांधी</u> की समाधि है।

I) भाववाचक संज्ञा [ ] II) व्यक्तिवाचक संज्ञा [ ]

ग) निम्नलिखित वाक्य से संज्ञा शब्द खोजकर उसका भेद लिखिए। **[1]**

१) मैं दिल्ली घूमने गई थी।

घ) कोष्ठक में दिए गए उचित सर्वनाम शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **[4]**

१) _____ किसी ने बचा लिया। [मैं / उसे]

२) _____ चुपचाप काम करती है। [वह / उस]

३) _____ फुटबॉल खेलने जा रहा हूँ। [में / मैं]

४) पानी में _____ गिर गया है। [कुछ / कौन]

(विभाग ४ : लेखन विभाग – अंक ०६)

प्रश्न ४) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर निबंध लेखन लिखिए। **[6]**

१) मेरा प्रिय ऋतु २) पाठशाला का पहला दिन